प्रेमबानी भाग ४ गजल १ - आज सतगुरु की सरन भाग से मैंने पाई	
हिंदी	संस्कृत
आज सतगुरु की सरन भाग से मैंने पाई । शब्द धुन बाज रही चाँदनी घट में छाई ॥ १ ॥	अद्य सद्गुरोः शरणं प्राप्तं भाग्याद् मया । नदति शब्दध्वनिः ज्योत्स्ना घटे व्याप्ता ॥ १ ॥
कर्म और धर्म भरम जान के सब छोड़ दिये । टेक पिछलों की तजी प्रेम गुरू में लाई ॥ २ ॥	कर्मधर्मश्च सर्वे त्यक्ताः भ्रमेति मत्वा । पुरा प्रथाः त्यक्ताः गुरौ प्रेमानीतवती ॥ २ ॥
सुन के सतगुरु के बचन पिया अमी रस सारा । बैठ सतसंग में परतीत हिये में आई ॥ ३ ॥	श्रुत्वा सद्गुरो: वचनानि पीत: सर्वामृतरसः । स्थित्वा सत्सङ्गे हृद्येऽऽगता प्रतीतिः ॥ ३ ॥
गुरु से ले शब्द का उपदेश किया अभ्यासा । घंटा और संख सुने जोत लखी नभ जाई ॥ ४ ॥	गुरोः शब्दोपदेशं गृहीत्वा कृतमभ्यासम् । श्रुतौ घंटाशंखौ अवलोकिता ज्योतिः सहस्रदलकमले ॥ ४ ॥
आगे चढ़ करके सुनी तिरकुटी में धुन मिरदंग । सुन में हंसन से मिली रागनी नइ नइ गाई ॥ ५ ॥	अग्रेऽऽरुह्य श्रुत: त्रिकुटीपदे मृदंगध्वनि: । सुन्नपदे हंसैः सह मिलिता गीतः नवनवसङ्गीतः ॥ ५ ॥
संग सतगुरु के चली जाय मिली सोहँग से । सतपुरुष मेहर करी बीन की धुन सुनवाई ॥ ६ ॥	सद्गुरुणा सह गता गत्वा मिलिता सोहंगपदेन । सत्तपुरुष: कृपा कृता श्राविता अहितुण्डवाद्यस्य ध्वनिः ॥ ६ ॥
लख अलख आगे अगम लोक का निरखा नूरा । राधास्वामी का दरश पाय चरन में धाई ॥ ७ ॥	अग्रे अलखपदं पश्य अगमलोकस्य प्रकाशः अवलोकितः । राधास्वामीदयालो: दर्शनं प्राप्य चरणौ धाविता ॥ ७ ॥

॥ ग़ज़ल २ ॥ आज सतगुरु के चरन में तू लगा ले नेहरा	
हिंदी	संस्कृत
आज सतगुरु के चरन में तू लगा ले नेहरा ॥ टेक ॥	अद्य सद्गुरोः चरणौ त्वं युञ्ज्याः प्रेम ॥ टेक ॥
शौक़ के साथ करो चेत के सतसँग उनका । मेहर से उनके तेरा छूटे चौरासी फेरा ॥ १ ॥	उत्साहेन कुर्याः तेषां सत्सङ्गं चैतन्यीभूय। आशीर्वृष्ट्या तेषां मुञ्चे: चतुरशीत्यामावागमनं तव॥१॥
चूके मत प्यारी कहन मान ले हितकर मेरी । माया और काल ने याँ डाला है भारी घेरा ॥ २ ॥	मा स्खल प्रिया कथनं स्वीकुर्याः हितकरं मम। मायाकालाभ्यामत्र स्थापयतः बृहद् पाशम्॥२॥
शब्द उपदेश गुरू से ले कमाओ निस दिन । चालो घर की तरफ़ अब छोड़ के मेरा तेरा ॥ ३ ॥	गुरोः शब्दोपदेशं गृहीत्वा अर्जेः प्रतिदिनम्। चलतु गृहं प्रति सम्प्रति मुक्तीभावेन मम तवेति॥३॥
राधास्वामी की सरन धार ले दृढ़ कर मन में । वे करें मेहर तेरा पार लगावें बेड़ा ॥ ४ ॥	राधास्वामीशरणं दार्ढ्येन मनसि धरेः। ते कुर्युः कृपां तव पारं कुर्युः तरणिम् ॥४॥

॥ ग़ज़ल ३ ॥ आज मम भाग जगे गुरु सतसँग आय मिली	
हिंदी	संस्कृत
आज मम भाग जगे गुरु सतसँग आय मिली ॥ टेक ॥	अद्य मम भाग्यानि जागृतानि आगत्य गुरुसत्सङ्गेन मिलिता॥ टेक ॥
सुनके सतगुरु के बचन हो गई मैं आज निहाल । संग में प्रेमी जनों के मैं मगन होय रली ॥ १ ॥	श्रुत्वा सद्गुरोः वचनानि कृतार्था जाता अद्याहम् । प्रेमीजनानां साकं तल्लीनं भूत्वा मिलिताहम् ॥ १ ॥
भेद सतगुरु ने दिया ऊँचे से ऊँचे देशा | और मत जितने हैं उनका रहा सिद्धान्त तली ॥ २ ॥	सद्गुरु: दत्तवन्तः भेदम् उच्चादुच्चदेशस्य । अन्यानि यानि मतानि सन्ति तेषां लक्ष्यस्थानमस्ति अध: ॥ २ ॥
शब्द घट घट में रहा बोल सुनो दिन और रात । भाग बड़ वह है जो सुनता है उसे चित से अली ॥३॥	प्रतिघटं शब्दः नदति दिने च रात्रौ च श्रृणु। श्रेष्ठभाग्यं तत् आलि यो श्रृणोति चित्तेन तम् ॥ ३ ॥
ध्यान गुरु आज सम्हालो सुनो धुन को घट में श्याम द्वारे के परे नभ में लखो जोत बली ॥ ४ ॥	संरक्षत्वद्य गुरुध्यानम् श्रृणु ध्वनिं घटे । श्यामद्वारमतिक्रम्य नभसि अवलोकयतु प्रज्वलिता ज्योतिम् ॥ ४ ॥
तिरकुटी जाय मिला अद्भुत दर्शन गुरु का । माया और काल की ताक़त यहाँ सब आज गली ॥ ५ ॥	त्रिकुटी पदं गत्वा प्राप्तम् गुरोः दर्शनमद्भुतम् । मायाकालाभ्यां च शक्तयः अत्राद्य सर्वा: नष्टाः ॥ ५ ॥
सुन्न के पार भँवर में गई सूरत चढ़ कर मुरली और बीन सुनी । सत्तपुरुष पास पली ॥ ६ ॥	सुन्नपदं पारं कृत्य भँवरपदम् गतात्मारुहय वेणुअहितुण्डवाद्यौ च श्रुतौ । सत्तपुरुषसमीपं पोषित: ॥ ६ ॥
गुरु से ले भेद चली आगे को सूरत प्यारी ।	गुरो: भेदं गृहीत्वा गत: अग्रे प्रियात्मा ।

राधास्वामी का दरश पाय के धुर धाम वली ॥ ७ ॥	राधास्वामीदर्शनं प्राप्तम् प्रभोरुच्चधामस्य (धाम्नः) ॥ ७ ॥

॥गज़ल ४॥ आज प्यारी तू समझ सोच के	
हिन्दी	संस्कृत
आज प्यारी तू समझ सोच के कर काम अपना ॥ टेक ॥	अद्य प्रिया त्वं विवेकेन कुरु स्वकार्यम् ॥ टेक ॥
क्यों पचो दुनिया में यह देश तुम्हारा नाहीं । मिलके सतगुरु से करो खोज भला धाम अपना ॥ १ ॥	कथं व्याकुलोऽसि जगति देशोऽयं नास्ति तव । मिलित्वा सद्गुरुणा सह कुरु अन्वेषणं निजधामस्य (धाम्नः) ॥ १ ॥
तेरा हितकारी नहीं दुनिया में गुरू सम कोई । वे जतावेंगे तुझे मेहर से निज नाम अपना ॥ २ ॥	न कोऽप्यस्ति तव हितकर्त्ता गुरुणा समं विश्वे । कृपया ते सञ्ज्ञापयस्यन्ति स्वकीय: निजनाम ॥ २ ॥
शब्द का भेद जुगत देवेंगे सतगुरु तुमको । नेम से करना तुम अभ्यास सुबह शाम अपना ॥ ३ ॥	शब्दस्य भेदं युक्तिञ्च दास्यन्ति सद्गुरुः तुभ्यम् । नियमेन कुर्याः त्वमभ्यासम् प्रातः सायञ्च स्वकीयः ॥ ३ ॥
राधास्वामी की सरन धार के चलना घर को । उनके चरन अंबु से तुम नित्त भरो जाम अपना ॥ ४ ॥	राधास्वामीशरणं धार्य चलतु स्वगृहम् । तेषां चरणामृतात् त्वं नित्यं भर स्व चषकम् ॥ ४ ॥

॥ ग़ज़ल ५ ॥ आज आनंद रहा मौज से चहूँ दिस छाई	
हिंदी	संस्कृत
आज आनंद रहा मौज से चहुँ दिस छाई । राधास्वामी की रहे सब मिल महिमा गाई ॥ १ ॥	अद्यानन्दः व्याप्तोऽस्ति प्रभो इच्छया चतुर्दिक्षु राधास्वामीदयालोः सर्वे मिलित्वा महिमां गायन्ति॥ १ ॥
मेहर से गुरु के मिला ऐसा सुहावन संजोग । ख़ुश हुए देख के यह औसर सज्जन भाई ॥ २ ॥	आशीर्वृष्ट्या: गुरोः प्राप्तः ईदृग् शोभामयः संयोगः दृष्ट्वा एनमवसरं प्रसन्ना: जाताः सज्जनाः भ्रातरः ॥ २ ॥
शादियाने के लगे बाजे चहूँ दिस बजने। राग और रागनी सुर संग उमँग कर गाई ॥ ३ ॥	प्रसन्नतायाः वाद्या: नदन्ति चतुर्दिक्षुः रागरागिन्यश्च ध्वनिना सह उत्साहेन गीताः ॥ ३ ॥
हर तरफ़ नारे खुशी के लगे करने गुंजार । अर्श ने गरज गरज बूँद अमी बरसाई ॥ ४॥	प्रतिदिशिं प्रसन्नतायाः ध्वनयः गुञ्जायमानाः भवन्ति गगनात् गर्जनै: सह अ़पतन् अमृतबिन्दवः ॥ ४ ॥
उमँग उमँग हर कोई देता है मुबारकबादी । राधास्वामी रहें निज मेहर से नित प्रति सहाई ॥ ५ ॥	अत्युत्साहेन प्रतिजनम् ददाति शुभाशयाः राधास्वामीदयालुः स्वकृपया नित्यं सहाय्याः भूयासुः ॥ ५ ॥

॥ ग़ज़ल ६॥ आज हंगामये शादी का गरम हो रहा देखो हर जा	
हिंदी	संस्कृत
आज हंगामये शादी का गरम हो रहा देखो हर जा । राधास्वामी की दया का करो सब शुक्र अदा ॥ १ ॥	अद्य विवाहस्य कोलाहलः वर्तते सर्वत्र पश्यन्तु । राधास्वामीदयायाः कुर्वन्तु सर्वे कृतज्ञताज्ञापनम् ॥ १ ॥
हंस और हंसिनी खुश होके बधाई देते । अर्श से भी चली आती है ख़ुशी की यह सदा ॥ २ ॥	हंसा: हंस्यश्च प्रसन्नं भूत्वा ददति शुभाशीषा: । आकाशादप्यायाति प्रसन्नतायाः ध्वनि अयम् ॥ २ ॥
राधास्वामी की दया से यह मुबारक जोड़ा। ख़ुश रहे याद में चरनों के करे मन को फ़िदा ॥ ३ ॥	राधास्वामीदयया मङ्गलमयोऽयं दम्पत्ति: । प्रसन्नं भूयास्तां चरणौ स्मरणे समर्पितं क्रियास्तां मनः॥ ३ ॥

॥ ग़ज़ल ७ ॥ आज गुरु प्यारे के चरनों में झलकती है	
हिंदी	संस्कृत
आज गुरु प्यारे के चरनों में झलकती है अजब मेंहदी की लाली ॥ टेक ॥	अद्य प्रियगुरोः चरणौ द्योतते अद्भुदरुणाभा मेन्धिकायाः ॥ टेक ॥
देखो गुरु प्यारे के चरनों में अजब मेंहदी की लाली । हाथ भी सुर्ख हैं और मुखड़े की छबि देखी निराली ॥ १ ॥	पश्यतु प्रियगुरो: चरणौ मेन्धिकाया अद्भुदरुणाभा । हस्तौ अपि ताम्रे आननस्य छविः दृष्टानुपमा ॥ १ ॥
हार और फूल लिये आती हैं सखियाँ घर से । मेंहदी हाथों में लगाती हैं सरब सूरत वाली ॥ २ ॥	हारा: पुष्पाणि च गृहीत्वा आयान्ति सख्यः गृहात् । मेन्धिकां हस्तौ लागयन्ति रूपलावण्यसम्पन्नाः सुन्दर्यः ॥ २ ॥
लाल रँग छाय रहा गुरु के महल में चहुँ दिस। देख परकाश तले रह गई माया काली ॥ ३ ॥	लोहितवर्णः व्याप्यते गुरो: सदने चतुर्दिक्षु । प्रकाशं वीक्ष्य अधः वसति कृष्णवर्णामाया॥ ३ ॥
सुर्त बन्नी का मिला भाग से गुरु बन्ने से जोड़ा । राधास्वामी की दया पाय के निज घर चाली ॥ ४ ॥	आत्मा वध्वा: सौभाग्याद् मिलितं गुरुवरेण सह युग्मम् । राधास्वामीदयालो: दयां प्राप्य निज गृहं याति ॥ ४ ॥

॥ ग़ज़ल ८ ॥ आज धुन अनहद बाज रही है	
हिंदी	संस्कृत
आज धुन अनहद बाज रही है । अधर चढ़ सूरत गाज रही है ॥ १ ॥	अद्य नदति अनाहतध्वनिः। **अधरमारुह्य गर्जत्यात्मा ॥ १ ॥**
देख घट जगमग जोत उजार । मगन होय भाग सराह रही है ॥ २ ॥	पश्य घटे प्रकाशमयीज्योतेः तेजम्। तल्लीनं भूत्वा भाग्यं प्रशंसति ॥ २ ॥
सुनत धुन गगना ओअंकार । रूप गुरु अद्भुत निरख रही है ॥ ३ ॥	*शृणोति गगने ओअंकारध्वनिम्।* करोत्यवलोकनं गुरोः रूपमद्भुतम् ॥ ३ ॥
सुन्न में खिली चाँदनी सार । ररँग धुन अक्षर गाज रही है ॥ ४ ॥	सुन्नपदे ज्योत्सनासार: विकसित:। अक्षरपदे गर्जति ररंगध्वनिः ॥ ४ ॥
बाँसरी बीन की परखत धार । दरश राधास्वामी झाँक रही है ॥ ५ ॥	वेणुअहितुण्डवाद्ययो: परीक्षते धाराम्। राधास्वामीदयालुं निगूढं पश्यति ॥ ५ ॥

॥ ग़ज़ल ९॥ न जग में चैन और न स्वर्ग सुख है	
हिंदी	संस्कृत
न जग में चैन और न स्वर्ग सुख है । न ब्रह्म पद में अमर अनंदा ॥ जहाँ तलक हैगा माया घेरा । वहाँ तलक हैगा जम का फंदा ॥ १ ॥	न जगति शान्तिः न सुखमस्ति स्वर्गे न ब्रह्मपदेऽस्ति अमरानन्दः ॥ यावद्पर्यन्तमस्ति मायाया आवरणम् तावद्पर्यन्तमस्ति यमस्य पाश: ॥ १ ॥
पड़े भटकते हैं जग में सारे । पदारथ और इंद्रियों के मारे ॥ वहाँ से अब उनको कौन उबारे । हुआ है अति करके जीव गंदा ॥ २ ॥	भ्रमन्ति जगति सर्वे पदार्थैः इन्द्रियश्च हताः ॥ तत्रत: कः तान् निष्कासयेत् अधुना अतिमलिनः जातः जीव: ॥ २ ॥
पुरानी टेकों में अटक रहे हैं । करम धरम में भटक रहे हैं ॥ सुरत शब्द की जुगत न मानें । हुआ है सारा ही जगत अंधा ॥ ३ ॥	पुरा प्रथासु संसक्ता: सन्ति । कर्मधर्मेषु पतन्ति ॥ सुरतशब्दस्य युक्तिं न स्वीकुर्वन्ति सर्वजगत् चक्षुहीनः जातः॥ ३ ॥
मिलें न जब लग गुरू पियारे । छुटे न मन के बिकार भारे ॥ न सुर्त चीन्हे न शब्द सम्हारे । रहे है बंधन में जीव बंधा ॥ ४ ॥	यावन्न प्राप्यन्ते प्रियगुरव: न मुच्यन्ते मनसः बृहद् विकारा: ॥ नात्मानं परिचिन्वन्ति न शब्दं संरक्षन्ति जीवः बन्धनेषु बद्धोऽस्ति ॥ ४ ॥
बिरह जगा गुरु चरन में धाओ । कर उनका सतसंग धर के भाओ ॥ उलट के धुन में सुरत लगाओ पिंड का चढ़के नाका खंडा ॥ ५ ॥	विरहं जागृतं कृत्वा गुरुचरणयोः धावतु श्रद्धां धार्य तेषां सत्संगं कुर्यात् ॥ उल्लुण्ट्य ध्वनौ आत्मानं युङ्क्ष्व आरुह्य मार्गावरोधं त्रुट पिण्डस्य॥ ५ ॥
गुरू मेहर से सुरत चढ़ावें सुन्न की धुन अजब सुनावें ॥ करम का लेखा तेरा चुकावें । लखावें निज घट की तोहि संधा ॥ ६ ॥	गुरुः कृपया आत्मानं आरोहयन्ति सुन्नपदस्याद्भुतध्वनिं श्रावयन्ति ॥ त्वां कर्मणां ऋणैः उऋणं कुर्वन्ति त्वां निजघटस्य मार्गं दर्शयन्ति ॥ ६ ॥
वहाँ से भी फिर अधर चढ़ावें । अलख अगम सत की धन सुनावें ॥ पियारे राधास्वामी से मिलावें । दिलावें भक्ती का तुझको झंडा ॥ ७ ॥	तत्रत अपि अधरं आरोहयन्ति अलखागमसत्तलोकानाञ्च ध्वनीन् श्रावयन्ति ॥ प्रियराधास्वामीदयालुना मेलं कारयन्ति त्वां भक्ते: ध्वजं दापयन्ति॥ ७ ॥

॥ ग़ज़ल १० ॥ लगे हैं सतगुरु मुझे पियारे	
हिंदी	संस्कृत
लगे हैं सतगुरु मुझे पियारे । कर उनका सतसंग शब्द धारे ॥ छुटे हैं मन के बिकार सारे । कहूँ मैं कैसे गुरू की गतियाँ ॥ १ ॥	मह्यं सद्गुरुः रोचन्ते। तेषां सत्संगं कृत्वा शब्दं धरामि॥ मनसः सर्वे विकारा अमुञ्चन्। गुरो:गतयः कथं वच्मि॥ १ ॥
सुरत शब्द में लगाऊँ दमदम । सुनूँ मगन होय धुनों की झमझम ॥ होत सब दूर मन की हमहम । सुने कौन ऐसी घट में बतियाँ ॥ २ ॥	आत्मानं शब्दे भूयोभूयः युनज्मि। तल्लीनं भूत्वा ध्वनीनां गुञ्जनं श्रृणोमि॥ दूरं भवति मनसः सर्वाहंकार: । कः ईदृशीं वार्तां घटे श्रृणोति॥ २ ॥
बढ़त पिरेम और पिरीत दिन दिन । होत मन से सुरत भिन भिन ॥ गावती गुरु की महिमा छिन छिन । रहत नित गुरु चरन में रतियाँ ॥ ३ ॥	प्रतिदिनं प्रेमप्रतीतिश्च वर्धेते। आत्मा मनसः पृथग् भवति॥ प्रतिपलं गुरुमहिमां गायति। नित्यं गुरुचरणयोः तल्लीन: भवति॥ ३ ॥
जगत के जीव हैं अभागी सारे । फिरें हैं मन इंद्रियों के मारे ॥ जाल से उनको को निकारे । सुनें न चित देके संत मतियाँ ॥ ४ ॥	सर्वे जगज्जीवाः असुकृतिनः। भ्रमन्ति मनसा इन्द्रियैश्च हताः ॥ पाशात् कः निष्कासयेत् तान् । चित्तेन संतमतं न श्रृण्वन्ति॥ ४ ॥
जगा है मेरा अपार भागा । चरन में राधास्वामी आन लागा ॥ गायें सब जीव माया रागा । रहे हैं थक मग में जोगी जतियाँ ॥५॥	मम अपारभाग्यं जागृतम् । राधास्वामीचरणयो अयुनजं मर्यादया॥ सर्वे जीवाः मायाया:गुणान् गायन्ति । श्रान्ताः मार्गे योगीजनाः यतयश्च ॥ ५ ॥

॥ ग़ज़ल ११ ॥ मन की मत मान के पछताओगे	
हिंदी	संस्कृत
मन की मत मान के पछताओगे । नज़रे मेहर से गिर जाओगे ॥ १ ॥	मनसः मतं स्वीकृत्य पश्चात्तापम् करिष्यसि। आशीर्दृष्टेः पतिष्यसि ॥ १ ॥
भूलो मत दुनिया में रहना हुशियार । काल के द्वारे पै टकराओगे ॥ २ ॥	मा विस्मर जगति पटुतया वस। कालस्य द्वारे प्रतिहनिष्यसि ॥ २ ॥
करनी का अपने क्या दोगे जवाब । धर्म के सामने चकराओगे ॥ ३ ॥	किं प्रत्युत्तरं दास्यसि स्वकर्मणाम् । आकुली भविष्यसि यमराजसमक्षे ॥ ३ ॥
पकड़ो सतगुरु के चरन जल्दी से । रक्षा हो जावेगी जो उनकी सरन आओगे ॥४॥	क्षिप्रं गृहाण सद्गुरुचरणौ । रक्षा भविष्यति तेषां शरणं आगमिष्यसि चेत्तर्हि ॥ ४ ॥
जो न मानोगे बचन काल करेगा सख़्ती । देख जमदूतों को घबराओगे ॥ ५ ॥	न स्वीकरिष्यसि वचनं चेत्तर्हि कालः कठोरः भविष्यति । व्याकुलः भविष्यसि यमदूतान् पश्य ॥ ५ ॥
सख़्त दुख भोगोगे चौरासी में । दामन अपना जो कहीं माया को पकड़ाओगे ॥६॥	क्लिष्टदुःखान् चतुरशीत्याम् लप्स्यसे। स्व वस्त्राञ्चलं चेत् मायां प्रग्राहयष्यसि ॥ ६ ॥
राधास्वामी का सुमिर नाम हिये से अपने । छिन में सब दुक्खों से बच जाओगे ॥ ७ ॥	स्वहृदयेन स्मर राधास्वामीनाम । क्षणे सर्वदुःखेभ्यः परिहर्तुं क्षमः॥ ७ ॥

॥ ग़ज़ल १२ ॥ जुड़ मिल के हंस सारे, दर्शन को गुरु के आये	
हिंदी	संस्कृत
जुड़ मिल के हंस सारे, दर्शन को गुरु के आये। बँगला अजब बनाया, सोभा कही न जाये॥ १ ॥	संयुज्य सर्वे हंसाः, गुरुदर्शनमागता: । सदनमद्भुतमलंकृतम्, शोभां वर्णितुं न शक्यते ॥ १ ॥
जब आरती सँवारी, हुई धूम धाम भारी । निज भाग सब सरावत, औसर अधिक सुहाये॥ २ ॥	यदा सज्जितारति:, जात: बृहद् कोलाहलः। प्रशंसन्ति सर्वे स्वभाग्यानि, अवसरोऽधिकः शोभामयः ॥ २ ॥
सब मिलके शब्द गावत, भर भर पिरेम लावत । नइ २ उमँग जगावत, चहूँ दिस हरष समाये ॥ ३ ॥	सर्वे मिलित्वा गायन्ति शब्दम् प्रेमाधिक्यम् आनयन्ति । नवोत्साहं जागृतं कुर्वन्ति, चतुर्दिक्षु हर्ष: संविशति ॥ ३ ॥
घंटा और संख गाजें, मिरदंग ढोल बाजें । सारंग सितार बीना, धुन बाँसुरी जगाये ॥ ४ ॥	गर्जतः घंटाशंखश्च, नदतः मृदंगपटहश्च । सारंगीसितारवीणावाद्या: वेणुध्वनिं जागृतं कृतवन्तः ॥ ४ ॥
हुये गुरु दयाल परसन, सबको लगाया चरनन । वारत रहे हैं तनमन, राधास्वामी ओट आये ॥ ५ ॥	सद्गुरुदयालुः प्रसन्नः जात:, सर्वान् चरणौ अयुञ्जन्। समर्पयन्ति तनुमनसी , राधास्वामीदयालोः शरणं आगताः ॥ ५ ॥

॥ मसनवी १ ॥ करूं संतमत का मैं थोड़ा बयाँ	
हिंदी	संस्कृत
करूँ संतमत का मैं थोड़ा बयाँ । वही सत्त मत हैगा अंदर जहाँ ॥ १ ॥	करोम्यहं अल्पवर्णनं सन्तमतस्य । संसारे अस्ति सैव सत्तमतम् ॥ १ ॥
उसी को कहें राधास्वामी पंथ सार । होवे जिस्से जीवों का सच्चा उधार ॥ २ ॥	तमेव कथ्यन्ते राधास्वामीपंथसार: । येन भवेत् जीवानां सत्योद्धार: ॥ २ ॥
परे सबके है कुल्ल मालिक का धाम । परम पुर्ष राधास्वामी है उनका नाम ॥ ३ ॥	सर्वेषां परे अस्ति सर्वप्रभो: धाम:(धाम) । परमपुरुषराधास्वामी इत्यस्ति तेषां नाम ॥ ३ ॥
यही नाम जाती है असली निदा । होत जिसकी धुन घट में सबके सदा ॥ ४ ॥	इदमेव यथार्थनाम सर्वप्रभो: यथार्थशब्दश्च। सर्वेषां घटे भवति यस्य ध्वनिः सदा ॥ ४ ॥
जो गावेगा यह नाम धर करके प्यार । उसी जीव का होगा सच्चा उधार ॥ ५ ॥	प्रेम धार्य यो गास्यति इदं नाम । तस्यैव जीवस्य भविष्यति सत्योद्धारः ॥ ५ ॥
मगर भेद भी जानना है ज़रूर । बिना भेद कारज न होवेगा पूर ॥ ६ ॥	परं मर्मस्य ज्ञानमप्यावश्यकम् । भेदं विना न पूर्णं भविष्यति कार्यम् ॥ ६ ॥
उठी स्वामी चरनों से इक आदि धार। वही कुल्ल रचना की करतार यार ॥ ७ ॥	स्वामीचरणाभ्यामुत्थितैकाधारा । भो मित्र सैवास्ति सर्वरचनाया: आदिकर्त्ता ॥ ७ ॥
उसी आदि धारा का राधा है नाम। उसी से सरें सबके कारज तमाम ॥ ८ ॥	तस्या एव आदिधारायाः राधास्वामीनाम । तया एव पूर्णाः भवन्ति सर्वेषां कार्याणि ॥ ८ ॥
जहाँ से वह धारा निकस्ती भई । वही आदि स्वामी है सबका सही ॥ ९ ॥	यत्रतः तस्या: धारायाः निर्गमनमभवत्। सैवास्ति सर्वेषां आदिप्रभुः सत्योऽस्ति ॥ ९ ॥
उतर कर के वह धार ठहरी जहाँ । अगम लोक की हुई रचना वहाँ ॥ १० ॥	अवतरणं कृत्वा सा धारा यत्र स्थिता। तत्राभवत् अगमलोकस्य रचना ॥ १० ॥
अगम लोक का भारी मंडल बँधा ।	अबधत् बृहद् मण्डल: अगमलोकस्य।

वही कुल्ल रचना का घेरा हुआ ॥ ११ ॥	सैवाभवत् सर्वरचानाया: परिक्रमः ॥ ११ ॥
हुई जिस क़दर उसके रचना तले । वह इक गोशे में उसके निस दिन पले ॥ १२ ॥	येनविधिनाभूत् रचना तस्याधः। तदेककोणे तस्य प्रतिदिनं अपुष्यत् ॥ १२ ॥
अगम की हुई जब कि रचना तमाम । उठी वहाँ से फिर इक धारा अगाम ॥ १३ ॥	यदा हि अगमलोकस्य रचना समाप्ता। तस्मात् स्थानादुद्भूता एकाग्रगामीधारा ॥ १३ ॥
उतर करके नीचे किया बास आय । अलख लोक की वहाँ रचना रचाय ॥ १४ ॥	अवतरणं कृत्वा अधोवासं कृतमागत्य। तत्र रचिता अलखलोकस्य रचना ॥ १४ ॥
बँधा उसका मंडल बदस्तूर आय । वहाँ से उतर धार सतपुर रचाय ॥ १५ ॥	आगत्याबधत् तस्य मण्डलं निरन्तरम्। तत्रतः अवतरणं कृत्वा धारया सत्तपुर: रचितः ॥ १५ ॥
हुआ सतपुरुष का वह सतलोक धाम । हुई गिर्द हंसों की रचना तमाम ॥ १६ ॥	सत्तपुरुषस्य सत्तलोकधाम:(धाम) बभूव सः। चतुर्दिक्षु समस्त हंसानां रचना जाता ॥ १६ ॥
जुदे दीप हंसों के पैदा किये । पुरुष का दरश कर मगन सब हुए ॥ १७ ॥	हंसानां पृथग् द्वीपाः निर्मिताः। पुरुषस्य दर्शनं कृत्वा तल्लीना: अभवन् सर्वे ॥ १७ ॥
हुआ सत्त रचना का यहाँ तक ज़हूर। नहीं जहाँ माया नहीं काल कूर ॥ १८ ॥	सत्तरचनायाः प्रकाशः अस्ति अत्रपर्यन्तम्। नास्ति यत्र माया न क्रूर कालः ॥ १८ ॥
नहीं कोई आसा नहीं कोई कार । दरश पुर्ष का और अमी का अहार ॥ १९ ॥	न काऽऽपि आशा न कोऽपि कार्यम्। पुरुषस्य दर्शनम् अमृताहारञ्च ॥ १९ ॥
करें मिल के सब ऐश आनंद सार । नहीं काल कष्ट और नहीं कर्म भार ॥ २० ॥	सर्वे मिलित्वा कुर्वन्ति विलासमानंदसारञ्च। न कालस्य कष्टः न कर्मणां भारश्च ॥ २० ॥
बहुत काल तक ऐसी रचना रही । वही देश सत्त और आनँदमई ॥ २१ ॥	दीर्घकालपर्यन्तं ईदृशी रचना आसीत् सैव सत्तदेशः आनंदयुक्तश्च ॥ २१ ॥
उठी नीचे सतपुर से इक श्याम धार । उतर कर किया उसने बहुतक पसार ॥ २२ ॥	सत्तपुरादधः एका कृष्णधारा उत्पन्ना। अवतरणं कृत्वा तया कृत: बृहद्प्रसारः ॥ २२ ॥

पुरुष सेव वह नित्त करती रही । वले मन में कुछ चाह धरती रही ॥ २३ ॥	सा नित्यं पुरुषस्य सेवामकरोत् । परं मनसि काचिदिच्छा अधरत् ॥ २३ ॥
किया उसने इस तरह इज़हार हाल । कि हे सतपुरुष मेरे दाता दयाल ॥ २४ ॥	सा अनेन प्रकारेण स्व स्थितिं प्रकटमकरोत् । हे सत्तपुरुष! मम दाता दयालु: ॥ २४ ॥
जुदे देश में राज दीजे मुझे । सुरत अंस का बीज दीजे मुझे ॥२५॥	पृथग्देशे राज्यं दद्यु: मह्यम् । आत्माशंस्य बीजं दद्यु: मह्यम् ॥ २५ ॥
मुझे यहाँ का रहना सुहाता नहीं । तुम्हारा मुझे देश भाता नहीं ॥ २६ ॥	अस्मिन् देशे वासं मह्यं न रोचते । तव देशः न रोचते मह्यम् ॥ २६ ॥
यह सुनकर दिया पुर्ष ने अस जवाब । निकल जाओ तू यहाँ से ख़ाना ख़राब ॥ २७ ॥	श्रुत्वायं पुरुषः प्रत्युत्तरं कृतवन्तः । गृहविकारिका निर्गच्छतु त्वं अस्माद् स्थानात् ॥ २७ ॥
तले देश में जाके रचना करो। वहाँ बैठ कर राज अपना करो ॥२८॥	निम्नदेशे गत्वा रचनां कुरु त्वम् । तत्र उपविश्य राज्यं संचालयतु स्व ॥ २८ ॥
निरंजन हुआ नाम उस धार का । हुआ काल का अंग उस धार का ॥ २९ ॥	तस्या: धाराया : नाम निरंजनः अभवत् । तस्याः धारायाः अंगः कालस्य अभवत् ॥ २९ ॥
पुरुष ने लई दूसरी धार उपाय। हुआ पीत रँग आद्या नाम ताय ॥३०॥	पुरुषेण उत्पादिता अन्या धारा । अभवत् पीतवर्ण आद्यानाम च तस्या: ॥ ३० ॥
हुकम से यह धारा उतारी गई । निरंजन के सँग जाय मिलती भई ॥३१॥	आदेशादवतारितेयं धारा । गत्वा निरंजेन सह मिलिता ॥ ३१ ॥
हुए सुन में पुर्ष और परकिर्त यह । हुए माया और ब्रह्म त्रिकुटी में यह ॥ ३२॥	अभवतां सुन्नप्रदेशे पुरुषप्रकृतिश्च इमौ । त्रिकुटीपदे अभवतां मायाब्रह्म च इमौ ॥ ३२ ॥
सहसदलकँवल जाय कीन्हा निवास । हुआ तीन गुन का यहाँ से उजास ॥३३॥	सहस्रदलपदे गत्वा निवासं कृतौ । अत्रतः त्रिगुणानां प्रकाशनमभवत् ॥ ३३ ॥
धारा आद्या ने यहाँ जोत रूप । निरंजन ने धारा शियामी सरूप ॥३४॥	अत्र आद्या ज्योतिरूपं धृतवती । निरंजनेन धृतः कृष्णवर्णरूपः ॥ ३४ ॥

प्रथम ब्रह्म सृष्टी इन्होंने करी । हुई फिर त्रिलोकी की रचना खड़ी ॥३५॥	प्रथमब्रह्मसृष्टि: रचिता आभ्याम् । तदनन्तरं त्रैलोक्याः रचना अभवत् ॥ ३५ ॥
निरंजन ने धारा पुरुष का धियान । हुई सारी रचना की जोती प्रधान ॥३६॥	निरंजनेन पुरुषस्य ध्यानं कृतम् । ज्योतिः सर्वरचनायाः मुख्या शक्तिः अभवत् ॥ ३६ ॥
हुए तीन गुन उसके नायब यहाँ । हुई उनसे फिर सारी रचना अयाँ ॥ ३७॥	अत्र त्रिगुणाः तस्य प्रतिनिधयः अभवन् । तैः समग्ररचना प्रकटिता ॥ ३७ ॥

॥ मसनवी २ ॥ करूँ पहिले महिमा गुरू की बयान	
हिंदी	संस्कृत
करूँ पहिले महिमा गुरू की बयान । किया जिसने रहमत से पैदा जहान॥ १ ॥	प्रथमं गुरो: महिमां वर्णयामि । यैः दयया संसारः प्रकटितः ॥ १ ॥
परम गुरु परम पुर्ष राधास्वामी नाम । अजब हैरतो हैरत है उनका धाम ॥ २ ॥	परमगुरु: परमपुरुषः राधास्वामीनाम इत्यस्ति तेषाम् । अद्भुताश्चर्यजनकोऽस्ति तेषां धाम:(धाम) ॥ २ ॥
लिया मुझको चरनों में अपने लगा । सुरत शब्द मारग का दीन्हा पता ॥ ३॥	मां स्वचरणयोः अयुञ्जन् । सुरतशब्दमार्गस्य ज्ञानं अकारयन् ॥ ३ ॥
दया से जो संजोग पैदा किया । मेहर का रहे हाथ उस सँग लगा ॥ ४ ॥	दयया यो संयोगः प्रादुर्भूतः । आशीर्हस्तः भूयात् तेन सह ॥ ४ ॥
जपूँ चित्त से नित्त राधास्वामी नाम | पाऊँ मेहर से एक दिन आदि धाम ॥ ५ ॥	चित्तेन राधास्वामीनाम्नः स्मरणं करोमि नित्यम् । कृपया प्राप्स्यामि एकस्मिन् दिने आदिधाम:(धाम) ॥ ५ ॥

॥ मसनवी ३ ॥ अहो मेरे सतगुरु अहो मेरी जान	
हिंदी	संस्कृत
अहो मेरे सतगुरु अहो मेरी जान । अहो मेरे प्यारे अहो मेरे प्रान ॥ १ ॥	अहो मम सद्गुरुः अहो मम जीवनम् । अहो मम प्रिय: अहो मम प्राण: ॥ १ ॥
नज़र मेहर की मुझ पै अब कीजिये । मुझे अबके जम से छुड़ा लीजिये ॥ २ ॥	आशीर्दृष्टिं अधुना मयि कुर्युः । माम सम्प्रति कालात् मोचयेयु: ॥ २ ॥
निकालो मुझे काल के जाल से । बचा लेव माया के जंजाल से ॥ ३ ॥	निष्कासयेयुः मां कालपाशात् । पायु: मायायाः आयासात् ॥ ३ ॥
तड़पता हूँ दर्शन को दिन रात मैं । सहूँ दुक्ख मन इंदरी साथ मैं ॥ ४ ॥	व्याकुलं भवामि अहोरात्रम् दर्शनायाहम् । मन इन्द्रियैश्च सह दुःखं सहे ॥ ४ ॥
जगत भोग देवें झकोले सदा । पंच दूत फोड़ें फफोले जुदा ॥ ५ ॥	जगद्भोगाः ददति झटका: सदा । पंचदूता: स्फोटयन्ति त्वग्स्फोटा: पृथक् ॥ ५ ॥
बिना दर्श तुम्हरे बने कैसे काम । मेहर बिन करे कौन मेरी सहाम ॥ ६ ॥	दर्शनं विना कथं पूर्णाः भवेयुः कार्याणि । कृपां विना कः कुर्यात् मम साहाय्यम् ॥ ६ ॥
सुनो बीनती मेरी दाता दयाल । दरश दे करो आज मुझको निहाल ॥ ७ ॥	दातादयालु: मन विनतीं श्रृणुयु: । दर्शनं दत्त्वा मम कृतार्थं कुर्यु: अद्य ॥ ७ ॥
जो चाहो करो मुझ पै छिन में दया । नहीं कुछ कठिन तुम्हरे आगे मया ॥ ८ ॥	वाञ्छसि चेद् मयि क्षणे दयां कुर्युः । तव कृपाया अग्रे न किमपि कठिनम् ॥ ८ ॥
मेरे वास्ते अब हुए क्यों कठोर । मैं क़ुरबान जाउँ तुम पै हे बंदीछोड़ ॥९॥	कथं कठोरः जात: अधुना मम कृते । हे बन्धकानां मोचक! करोम्यात्मसमर्पणं युष्मासु अहम् ॥९॥
सदा से तुम्हारा दयालू है नाम । करो क्यों नहीं मेरा अब पूरा काम ॥१०॥	सर्वदातः दयालुः वर्तते नाम युष्माकम् । कथं न कुर्वन्ति मम कार्यं पूर्णमधुना ॥१०॥
चरन में करूँ बीनती बार बार । सुनो हे दयाल मेरी जल्दी पुकार ॥११॥	भूयोभूयः चरणयोः करोमि विनतीम्। हे दयालु! शीघ्रं श्रृणुयुः ममाह्वानम् ॥११॥
दरश देके सूरत चढ़ा दीजिये ।	आरोहयेयु आत्मानं दर्शनं दत्वा ।

मुझे रस भरी धुन सुना दीजिये ॥१२॥	श्रावयेयु: रसपूर्णाध्वनिं माम् ॥१२॥
मिटाओ मेरे अब सभी दुक्ख साल । करो मुझको निरभय हे दाता दयाल ॥ १३॥	नष्टं कुर्युः मम सर्वाणि दुःखानिकष्टानि च । हे दातादयालु! मां निर्भीकं कुर्युः ॥१३॥
सरन में पड़ा तुम्हरे दुनिया से भाज। मेरे काज की अब है तुम ही को लाज ॥१४॥	जगतः पलायनं कृत्वा तव शरणं आगतोऽस्मि । तवैवास्ति मम कार्यस्य प्रतिष्ठा अधुना॥१४॥
तुम्हारा ही हूँ जैसा तैसा कपूत। बना लीजिये मुझको अपना सपूत ॥१५॥	तवैवास्मि कुपुत्रः यादृशः तादृशः। कुर्युः मां स्व सुपुत्रः ॥१५॥
सरापा भरा हूँगा मैं खोट से । बचाओ मुझे अपनी अब ओट दे ॥१६॥	पर्याप्तदोषैः परिपूर्णोऽस्मि अहम् । त्राहि मां स्व शरणं दत्त्वाधुना ॥ १६ ॥
करो राधास्वामी मेहर की निगाह । लेवो मुझको अब जैसे तैसे निबाह ॥१७॥	राधास्वामीदयालुः कुर्युः आशीर्दृष्टिम् । निर्वहेयुः मां येन केन प्रकारेण ॥ १७ ॥
बिना तुम चरन कोइ दीखे न ठौर । बिना तुम सहाई नहीं कोइ और ॥१८॥	न दृश्यते कोऽपि आश्रयः विना तव चरणौ । न कोऽप्यन्यः सहायक: तव विना ॥ १८ ॥
मैं बालक पड़ा हूँ तुम्हारी सरन । सम्हालो दिखाओ मुझे निज चरन ॥१९॥	बालोऽहं तव शरणमागतोऽस्मि । संरक्षेयुः दर्शयेयुः माम् निज चरणौ ॥ १९ ॥
बिरह में रहूँ मैं तपत रात दिन । दरश बिन नहीं चैन मोहि एक खिन ॥ २० ॥	अहोरात्रं विरहे व्याकुलोऽस्म्यहम् । नैकमपि क्षणं शांतिः दर्शनं विना माम् ॥ २० ॥
गुनाहों से अपने मैं शरमिंदा हूँ । छिमा कर छिमा मैं तेरा बंदा हूँ ॥२१॥	स्वदोषैः लज्जितोऽस्म्यहम् । क्षम्यतां क्षम्यतामहं तव सेवकः ॥ २१ ॥
नहीं बनते मुझ से जो पाप और क़सूर । छिमा की तेरी होती फिर क्या ज़रूर ॥ २२॥	पापापराधाश्च न भवेयुः मया चेत्तर्हि । तव क्षमादानस्य का आवश्यकतासीत् ॥ २२ ॥
मैं नालायक़ हूँ इसमें कुछ शक नहीं ।	निकृष्टोऽस्म्यहं नास्त्यस्मिन् काऽऽपि शंका ।

दया जो करें प्यारे अचरज नहीं ॥ २३ ॥	प्रियप्रभुः दयां कुर्युः चेत्तर्हि न कोऽप्याश्चर्यम् ॥ २३ ॥
क़सूरों को बख्शो मेरे हे दयाल । ग़रीबी पै मेरे धरो अब ख़याल ॥२४॥	हे मम दयालु: क्षम्यतां ममापराधान् । मम दरिद्रतायां विचारं कुर्यु अधुना॥२४॥
दया के भरोसे बने सब क़सूर । मेहर से देओ बख़्श आली हजुर ॥२५॥	दयायाः विश्वासे घटिताः सर्वे अपराधाः । हे बृहत्तमः स्वामिन् क्षम्यताम् आशीर्वृष्ट्या॥२५॥
मैं तुम्हरा हूँ और तुम हो मेरे सही । पिता पुत्र का नाता पूरा चही ॥२६॥	अहं तवास्मि त्वञ्च ममासि सत्यमिदम्। पितापुत्रस्य पूर्णं सम्बन्धं वाञ्छामि॥२६॥
पिता तुम हो और मैं हूँ बालक समान। करो मेहर दीन और निबल मोहि जान ॥२७॥	त्वं पिता असि अहञ्च बालेव अस्मि । कुर्यु: दयां दीनं निर्बलञ्च ज्ञात्वा माम्॥२७॥
लगाया जिसे तुमने चरनों के साथ । सम्हाला उसे मेहर से देके हाथ ॥२८॥	यं चरणाभ्यां युक्तवन्तः त्वया । तं संरक्षितवन्त: कृपया स्वहस्तं दत्वा॥२८॥
करो जब कि तुम निन्दकों का उधार । मुझे कैसे छोड़ोगे अब नौ के वार ॥२९॥	त्वन्तु निन्दकानां उद्धारं कुर्वन्ति । मम कथं मुञ्चेयुः नवेन्द्रियेभ्य: इतः॥२९॥
मेहर माँगूँ फिर मेहर माँगूँ दयार । लेवो प्यारे राधास्वामी जल्दी उबार ॥३०॥	हे दयालुः पुनः पुनः वाञ्छामि आशीर्वृष्टिम्। प्रिय राधास्वामीदयालु: शीघ्रं उद्धरेयु:॥३०॥

॥ शब्द १ ॥ आज सतसँग गुरु का कीजे	
हिंदी	संस्कृत
आज सतसँग गुरु का कीजे । दीखे घट बिमल बिलासा ॥टेक॥	अद्य गुरोः सत्संगं कुर्यात् । दृश्यते घटे विमलविलासः ॥ टेक ॥
यह जगत जाल दुखदाई । क्यों या में बैस बिताई ॥ ले सतगुरु की सरनाई । धर राधास्वामी चरनन आसा ॥ १ ॥	दुःखदः जगद् पाशोऽयम् । कथमस्मिन् वयं व्यतीतं कुर्यात् ॥ गृहाण सद्गुरुशरणम् । धर राधास्वामीचरणयो आशाम् ॥ १ ॥
गुरु बचन चित्त में धरना । सुत शब्द कमाई करना ॥ मन माया से नित लड़ना । तब देखे अजब तमाशा ॥ २ ॥	गुरुवचनानि चित्ते धरेत् । सुरतशब्दस्यार्जनं कुर्यात् ॥ मनमायया च सह नित्यं युद्धेत् । तदा पश्येत् अद्भुतकौतुकम् ॥ २ ॥
गुरु चरनन प्रीति बढ़ाना । मन सूरत अधर चढ़ाना ॥ राधास्वामी सरन समाना । तब पावे निज घर बासा ॥ ३ ॥	गुरुचरणयोः प्रीतिं वर्धेत। आत्मामनश्च अधरमारोहयेताम् ॥ राधास्वामीशरणं संविशेत् । तदा प्राप्नोति स्वगृहे वासम् ॥ ३ ॥
गुरु दया संग ले भाई । गगना में पहुँची धाई ॥ फिर सत्तनाम पद पाई । ॥ किया राधास्वामी चरन निवासा ॥ ४ ॥	हे भ्राता गुरुदयया साकम् । धावित्वा गगने गत:० ॥ तदा सत्तनामपदं प्राप्तम् । राधास्वामीचरणयोः वासं कृतम् ॥ ४ ॥

॥ शब्द २ ॥ आज मेघा रिमझिम बरसे	
हिंदी	संस्कृत
आज मेघा रिमझिम बरसे। हिये पिया की पीर सतावे ॥टेक॥	अद्य शीकरवर्षा: भवत्येयम् । हृदये प्रियस्य पीडा पीडयति॥टेक॥
पिया छाय रहे परदेसा । मैं पड़ी काल के देसा ॥ मोहि निस दिन यही रे अँदेसा । कोइ पिया से आन मिलावे ॥ १ ॥	प्रियः व्याप्यन्ते परदेशे । अहमस्मि कालस्य देशे ॥ प्रतिदिनं ममेयमेव चिन्ता । आगत्य कोऽपि प्रियेण सह मेलयेत् ॥१॥
पपिहा जब पिउ पिउ गावे । मोहि पिया प्यारे की याद आवे ॥ बिरह अगिन भड़क भड़कावे । पिया बिन को तपन बुझावे ॥ २ ॥	चातक: यदा पिउपिउ इति गायति । स्मराम्यहं प्रियप्राणाधारम् ॥ विरहाग्निः करोत्युद्दीपनमुत्तेजनं च । प्रियं विना क: तपनं निर्वापयेत् ॥२॥
सतगुरु हितकारी मिलिया । उन पिया का सँदेसा कहिया ॥ मारग का भेद सुनइया । सुत धुन सँग अधर चढ़ावे ॥ ३ ॥	प्राप्तवन्तः हितकर: सद्गुरु: । स: प्रियस्य सन्देशं कथितवन्तः॥ पथस्य भेदं अश्रावयन् । आत्मानं ध्वनिना सह अधरमारोहयन्ति ॥३॥
मोहि दीन अधीन निहारा । गुरु कीन्ही मेहर अपारा ॥ मोहि भौजल पार उतारा । सुत चढ़ चढ़ अधिक हरषावे ॥ ४ ॥	दीनाधीनं माम् अवलोकितवन्तः । सद्गुरुः कृता आशीर्वृष्टि अपारा ॥ मां भवसागरात् तारितवन्तः । आत्मारोहणं कृत्वा हर्षत्यधिकम् ॥४॥
धुन सुन सुत अधर सिधारी । सत अलख अगम्म लखा री ॥ पिया राधास्वामी रूप निहारी । उन महिमा छिन छिन गावे ॥ ५ ॥	ध्वनिं श्रुत्वा आत्माधरं प्राप्तम् । सतालखागमलोका अवलोकिता: ॥ राधास्वामीप्रियस्य रूपदर्शनं कृतम् । तेषां महिमां प्रतिक्षणं गायति ॥५॥

॥ शब्द ३ ॥ आज गरज गरज घन गरजे	
हिंदी	संस्कृत
आज गरज गरज घन गरजे । मेरा जियरा सुन सुन लरजे ॥ टेक ॥	अद्य मेघाः नर्दयन् गर्जन्ति । श्रावं श्रावं प्रकम्पते मम हृदयः ॥ टेक ॥
श्याम घटा रही छाई । अमी धार की बरषा लाई ॥ दामिन की दमक सुहाई । मेरा पिया बिन मनुआँ तरसे ॥ १ ॥	कृष्णघटा व्याप्यते। अमृतधारायाः वृष्टिम् आनीतवती॥ विद्युतद्युतिः रोचते। मम मनः प्रियं विना तृष्यति॥ १ ॥
सतगुरु पिया भेद बतावें । गैल चलन की जुगत लखावें ॥ उनसे नित प्रीति बढ़ावें । तब पिया प्यारे का पद दरसे ॥ २ ॥	सद्गुरुः प्रियतमः भेदं वदन्ति। पथगमनस्य युक्तिं दर्शयन्ति ॥ तैः सह नित्यं प्रीतिं वर्धेरन् । तदा दृश्यते प्रियप्रभोः पदः ॥ २ ॥
मैं पिय की पीर दिवानी । मारग की पाय निशानी ॥ तन मन धन कर क़ुरबानी । गुरु चरन गगन जाय परसें ॥ ३ ॥	प्रियस्य पीडायामुन्मत्ताहम् । पथः संकेतं प्राप्य ॥ तनुमनधनञ्च समर्पितं कृत्वा। गगनमारुह्य गुरुचरणयोः स्पर्शं कृतम् ॥ ३ ॥
वहाँ से भी चली अगाड़ी । सतपुर सतरूप निहारी ॥ गइ अलख अगम के पारी । राधास्वामी दरश पाय हरषे ॥ ४ ॥	तत्रतः अपि अग्रे गतवती । सत्तपुरे सत्तरूपम् अवलोकितवती ॥ अलखागमपदं पारं कृत्य गता । राधास्वामीप्रभोः दर्शनं प्राप्य हर्षति ॥ ४ ॥

॥ शब्द ४ ॥ मेरे तपन उठत हिय भारी	
हिंदी	संस्कृत
मेरे तपन उठत हिय भारी । गुरु प्रेम की बरषा कीजे ॥ टेक ॥	ममहृदये संतापं भवत्यधिकम् । सद्गुरुः प्रेम्ण: वृष्टिं कुर्युः॥ टेक ॥
बिरह अगिन सुलगत नित घट में। कस निरखूँ छबि तिल पट में ॥ मेरी उमर गई खटपट में । अब तो गुरु दरशन दीजे ॥ १ ॥	नित्यं घटे विरहाग्निः प्रज्वलति। तिलपटे छविं कथमवलोकयामि॥ असामञ्जस्ये मम वयं गतम्। अधुना दर्शनं देहि सद्गुरुः ॥ १ ॥
बिन दरशन जिय घबरावे । जग भोग नहीं अब भावे ॥ कोई बात न मोहि सुहावे । अस काया छिन छिन छीजे ॥ २ ॥	दर्शनं विना हृदयं व्याकुलं भवति । अधुना जगद्भोगा: न रोचन्ते ॥ काऽऽपि वार्ता मां न रोचते। एवं प्रतिक्षणं काया क्षीयते॥ २ ॥
गुरु मेहर करो अब भारी । देव चरनन प्रीति करारी ॥ तुम दरशन नित्त निहारी । तब सुरत प्रेम रँग भींजे ॥ ३ ॥	गुरु आशीर्वृष्टिं कुर्युः। चरणयोः गहनप्रीतिं देहि॥ तव दर्शनं नित्यं निरीक्षे। तदा आत्मा प्रेमरङ्गे क्लेदिष्यति॥ ३ ॥
तुम राधास्वामी समरथ दाता । मुझको भी करो सनाथा ॥ तुम चरन रहूँ रस राता । मेरी सुरत सरन में लीजे ॥ ४ ॥	भवन्तः समर्थाः राधास्वामीदातार:। मामपि शरणे लेहि॥ तव चरणरसे लीनः भवेयम् । ममात्मानं शरणे लेहि ॥ ४ ॥

॥ शब्द ५ ॥ क्यों जग में रहे भरमानी	
हिंदी	संस्कृत
क्यों जग में रहे भरमानी । मिल गुरु से घर को चलना ॥टेक॥	कथं भ्रमिता जगति । गुरूणा सह मेलं कृत्वा गृहं गच्छेत्॥टेक॥
यह देश बिगाना भाई । नित तिमिर रहे यहाँ छाई ॥ और काल करम भरमाई । भोगन सँग छिन छिन गलना ॥ १ ॥	हे भ्राता देशोऽयं परकीयः । अत्र तिमिरः नित्यम् आच्छादति॥ अपि कालकर्माणि च भ्रमन्ति। प्रतिक्षणं भोगैः सह क्षयेत् ॥१॥
सतसँग का देख बिलासा । गुरु चरनन धर बिश्वासा ॥ निज घर की धारो आसा । जग भाठी में नहिं जलना ॥ २ ॥	सत्संगस्य विलासं पश्य । गुरुचरणयोः विश्वासं धर॥ स्वगृहस्याशां धर। जगतः भाष्त्रे मा ज्वलतु॥२॥
गुरु प्रेम हिये में धारो । जग आसा दूर निकारो ॥ दूतन को मार पछाड़ो । मन माया छिन छिन दलना ॥ ३ ॥	गुरु प्रेम हृदये धर। जगद् आशां निष्कासय दूतान् हत्वा पराजितं कुरु। प्रतिक्षणं मनमायां च विदारयतम् ॥३॥
सुत शब्द जुगत ले सारा। गुरु नाम करो आधारा ॥ करमों का काटो जारा । धुन सुन सुन घट में चढ़ना ॥ ४ ॥	सम्पूर्ण सुरतशब्दयुक्तिं गृहाण। गुरुनाम्नः आश्रयं लेहि॥ कर्मणां पाशं कृन्त। श्रावं श्रावं ध्वनिं अधरमारोहतु ॥४॥
त्रिकुटी का देख उजेरा । सतपुर जाय कीन्हा फेरा ॥ कर अलख अगम से नेहरा । फिर राधास्वामी से जाय मिलना ॥ ५॥	त्रिकुटीपदस्य प्रकाशं दृष्टवा सत्तपुरं गत्वा गमनागमनं कृतम् ॥ अलखागमाभ्यां सह प्रेम धर। पुनः राधास्वामीदयालुना सह मेलं कुरु॥५॥

॥ शब्द ६ ॥ क्यों सोच करे मन मूरख	
हिंदी	संस्कृत
क्यों सोच करे मन मूरख प्यारे राधास्वामी हैं रखवारे ॥टेक॥	मूर्खमनः कथं चिन्तयसि । राधास्वामीप्रिय: संरक्षकाः सन्ति॥टेक॥
जब जनमा तब दूध दियो तोहि । माता गोद पलाया ॥ सर्ब भाँति तेरी रक्षा कीन्ही । चरनन मेल मिलाया ॥ रहा था फँस नौ द्वारे ॥ १ ॥	यदा अजजन् दुग्धं अददु: त्वाम्। मातु: अङ्के अपालयन् ॥ सर्वविधिना तव रक्षां कृतवन्तः। चरणयोः मेलमकारयन्॥ नवद्वारेषु आसम् बद्धीभूतः ॥ १ ॥
सर्ब भोग इंद्रिन के दीन्हें । जगत तमाशा दिखाया ॥ ॥ खैंच लिया सतसँग में फिर तोहि । निज घर भेद सुनाया ॥ मेहर से खोल चलो दस द्वारे ॥ २ ॥	इन्द्रियाणां सर्वभोगाः अयच्छन्। जगद् कौतुकं अदर्शयन्॥ पुन: सत्संगे त्वाम् आकृष्टवन्त:। निजगृहस्य भेदम् अश्रावयन्॥ कृपया उद्घाट्य दशं द्वारं चल॥ २ ॥
बचन सुना तेरी समझ बढ़ावें । मन की निरख करावें ॥ करम भरम और टेक छुड़ाकर । शब्द में सुरत लगावें ॥ अधर चढ़ देख बहारे ॥ ३ ॥	वचनं श्रावयित्वा तव बोधं वर्धेरन्। मनसः परिवीक्षणं कारयन्ति॥ कर्मभ्रमाश्च प्रथा: च मोचयित्वा। आत्मानं शब्दे युञ्जन्ति॥ अधरमारुह्य आनन्दं पश्य॥ ३ ॥
घंटा संख सुनावें नभपुर । त्रिकुटी लख गुरु नूरा ॥ चंद्र चाँदनी चौक निहारो । गुफा परे पद पूरा ॥ आरती सतगुरु धारे ॥ ४ ॥	घंटाशंखयो ध्वनिं नभपुरे श्रावयन्ति। गुरुप्रकाशं त्रिकुटीपदे पश्य॥ इन्दुज्योत्स्नाया: चतुष्पथम् अवलोकयतु। पूर्णपदं गुहानन्तरम् ॥ सद्गुरो: आरतिं धरेत्॥ ४ ॥
ले दुरबीन पुरुष से प्यारी । अलख अगम को चाली ॥ तिस पर राधास्वामी धाम अपारा। लख लख हुई निहाली ॥ सीस उन चरनन डारे ॥ ५ ॥	प्रिया पुरुषाद् युग्मदूरेक्षिकां गृहीत्वा। अलखागमलोकौ गतवती॥ तत: परे अपार: राधास्वामीधाम:(धाम) । भूयोभूयः पश्य कृतार्था जाता॥ तेषां चरणयो: समर्पिता शिरसा ॥ ५ ॥

॥ शब्द ७ ॥ क्यों अटक रही जग प्यारी	
हिंदी	संस्कृत
क्यों अटक रही जग प्यारी । यामें दुख भोगे भारी ॥ टेक ॥	कथं संसक्त: जगति प्रिया । अस्मिन् दुःखानि भुनक्षि बहवः ॥ टेक ॥
कोई यहाँ तेरा संग न साथी । स्वारथ सँग सब मिल रहते ॥ क्यों धोखा खाओ इन में । क्यों भोगन सँग नित बहते ॥ जम दंड सहो सरकारी ॥ १ ॥	न कोऽप्यत्र तव सङ्गं मित्रञ्च । स्वार्थवशेन सर्वे मिलित्वा वसन्ति ॥ कथं वञ्चनां प्राप्नोषि एषु । कथं भोगै: सह प्रवहसि नित्यम् ॥ राजकीयदण्डं सहसे॥ १ ॥
सतसँग में मेल मिलाना । गुरु चरनन भाव बढ़ाना ॥ सुन सुन निज बचन कमाना । घट में गुरु रूप धियाना ॥ गुरुभक्ती रीत सम्हारी ॥ २ ॥	सत्संगे मेलं कुर्या: । गुरुचरणयोः श्रद्धां वर्धेथा: ॥ श्रावं श्रावं निज वचनानि अर्जये:। घटे गुरुरूपं ध्याये: ॥ गुरुभक्तिरीति: अवधारिता ॥ २ ॥
सुत शब्द जुगत ले गुरु से । नित नेम से कर अभ्यासा ॥ मन इंद्री सुरत समेटो । फिर घट में देख बिलासा | ले गुरु की मेहर करारी ॥ ३ ॥	गुरोः गृहाण सुरतशब्दयुक्तिम् । नित्यं नियमेन अभ्यासं कुर्या:॥ मनेन्द्रियात्मनः च नियमनं कुर्या:। तदा घटे विलासं पश्य। गुरोः पूर्णदयां गृहाण॥ ३ ॥
गुरु करम भरम सब टारें । मन के करें दूर बिकारा । सब पिछली टेक निकारें । दरसावें फिर घर न्यारा ॥ लख उनकी गत मत न्यारी ॥४॥	गुरुः कर्मभ्रमान् च सर्वान् टलन्ति। मनसः विकारान् अपसारयन्ति । पुरासंस्कारान् निष्कासयन्ति। पुनः अद्भुतगृहं दर्शयन्ति॥ तेषां पृथग् गतिं मतञ्च पश्य॥४॥
राधास्वामी सरन सम्हारो । गुरू के संग अधर सिधारो ॥ लख जोत सूर और चंदा । सत अलख अगम को धारो ॥ हुई राधास्वामी चरन दुलारी ॥५॥	राधास्वामीशरणं धरे। अधरं प्राप्नुया: गुरूणा सह ॥ ज्योतिसूर्यचन्द्रञ्च पश्य । सतालखागमलोकान् धरे॥ राधास्वामीचरणप्रिया जाता॥५॥

॥ भाग २ ॥

॥ शब्द १॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । आज अचरज बचन सुनाय रहे री

हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । आज अचरज बचन सुनाय रहे री ॥टेक॥	अयि सखि! श्रृणु मम प्रिय रा धा/ध: स्व आ मीदयालुः । अयि अद्भुतवचनं श्रावयन्ति ॥टेक॥
सुन सुन बानी सब हुए हैं दिवाने । तन मन सुध बिसराय रहे री ॥१॥	वाणीं श्रावं श्रावं सर्वे उन्मत्ताः जाताः । अयि तनुमनसोः स्मृतिं विस्मारयन्ति ॥१॥
मेहर दया की बरषा भारी । प्रेम के बदरा छाय रहे री ॥२॥	आशीर्दयायाः तीव्रावृष्टिः । अयि प्रेम्ण: मेघाः आच्छादयन्ति ॥२॥
धुन झनकार सुनत घट अंतर । नइ नइ उमँग जगाय रहे री ॥३॥	घटान्तसि ध्वनिं झंकृतिञ्च श्रृण्वन् । अयि नवनवोत्साहं जागरयन्ति ॥३॥
सेवा कर हिये होत हुलासा । तन मन वार धराय रहे री ॥४॥	सेवां कृत्वा हृदि भवति हर्षः । अयि तनुमनसी अर्पयन्ति ॥४॥
राधास्वामी पर जावें बलिहारी । जुड़ मिल उन गुन गाय रहे री ॥५॥	रा धा/ध: स्व आ मीदयालौ समर्पयन्ति । अयि मिलित्वा गायन्ति तेषां गुणान् ॥५॥

॥ शब्द २ ॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । आज अद्भुत दरश दिखाय रहे री ॥ टेक ॥	अयि आली शृणु मम प्रियराधास्वामीदयालुः । अयि अद्याद्भुतं दर्शनं दर्शयन्ति ॥ टेक ॥
दर्शन कर मोहे नर नारी । छबि पर दृष्टि तनाय रहे री ॥ १ ॥	दर्शनं कृत्वा मोहिताः नरनार्यश्च । अयि छवौ दृष्टिं तन्वन्ति ॥ १ ॥
क्या कहूँ महिमा अचरज रूपा । बहु सूर चंद शरमाय रहे री ॥ २ ॥	किं वच्मि अद्द्भुतरूपस्य महिमाम् । अयि लज्जां कुर्वन्ति अनेके रविशशयः ॥ २ ॥
जिन जिन दरश करा मेरे गुरु का । सोइ निज भाग जगाय रहे री ॥ ३ ॥	येन येन कृतं मम गुरोः दर्शनम् । अयि तैव स्व भाग्यं जागरयन्ति ॥ ३ ॥
जगत जीव क्या जानें महिमा | सब करम धरम भरमाय रहे री ॥ ४ ॥	किं जानन्ति महिमां जगज्जीवाः । अयि सर्वे कर्मधर्मैः भ्रमन्ति ॥ ४ ॥
आओ रे आओ जीव सरनी आओ । राधास्वामी मेहर कराय रहे री ॥ ५ ॥	एहि एहि जीवाः शरणं आयात । अयि राधास्वामीदयालुः आशीर्वृष्टिं कारयन्ति ॥ ५ ॥

॥ शब्द ३ ॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । आज नइ धुन घट में सुनाय रहे री ॥ टेक ॥	अयि आली शृणु मम प्रियराधास्वामीदयालुः । अयि अद्य नवध्वनिं घटे श्रावयन्ति ॥ टेक ॥
सुन सुन धुन सुत हुइ मतवाली। काल करम मुरझाय रहे री ॥ १ ॥	श्रावं श्रावं ध्वनिं उन्मत्तः जातः आत्मा। अयि म्लायन्ति कालकर्माणि च॥ १ ॥
मन और सुत दोऊ रस पावत । गगन ओर अब धाय रहे री ॥ २ ॥	आत्मामनश्च द्वौ रसं प्राप्नुतः। अयिअधुना गगनं प्रति धावतः ॥ २ ॥
हंसन संग करत नित केला। मानसरोवर न्हाय रहे री ॥ ३ ॥	हंसैः सह नित्यविलासम् कुरुत:। अयि मानसरोवरे स्नानं कुरुत:॥ ३ ॥
अधर जाय सुत मिली भक्तन से । भँवरगुफा ढिंग छाय रहे री ॥ ४ ॥	अधरमारुह्यात्मा भक्तैः सह मिलिता:। अयि भँवरगुहायाः समीपं स्थिता: ॥ ४ ॥
धुन सुन गई जहँ राधास्वामी प्यारे । अचरज दरश दिखाय रहे री ॥ ५ ॥	ध्वनिं श्रुत्वा गतौ यत्र विराजन्ति राधास्वामीप्रिया: । अयि अद्भुतदर्शनं दर्शयन्ति ॥ ५ ॥

॥ शब्द ४ ॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । मोहि प्यार से गोद बिठाय रहे री ॥टेक ॥	अयि आली शृणु मम प्रियराधास्वामीदयालुः । मां प्रेम्णा अङ्के उपवेशयन्ति ॥टेक॥
मैं तो नीच अधम नाकारा । मेहर से मोहि अपनाय रहे री ॥ १ ॥	अहन्तु निकृष्टश्च अधमश्च अकर्मण्यश्च । अयि कृपया मां स्वीकुर्वन्ति ॥ १ ॥
सतसँग में मोहि खैंच लगाया । भक्ती रीति सिखाय रहे री ॥ २ ॥	आकृष्टः मां सत्सङ्गे । अयि शिक्षयन्ति भक्तिरीतिम् ॥ २ ॥
बल अपना दे सेव कराई । छिन छिन रक्षा कराय रहे री ॥ ३ ॥	स्वशक्तिं दत्वा सेवाम् अकारयन्। अयि प्रतिक्षणं रक्षां कारयन्ति ॥ ३ ॥
शब्द भेद दे जुगत बताई । घट में सुरत चढ़ाय रहे री ॥ ४ ॥	शब्दभेदं दत्वा युक्तिं अकथयन् । अयि घटे आत्मानम् आरोहयन्ति ॥ ४ ॥
क्योंकर करूँ शुकराना उनका । (मेरे) रोम रोम गुन गाय रहे री ॥ ५ ॥	कथं करोमि कृतज्ञताज्ञापनं तेषाम् । अयि (मम) प्रतिरोमं गायति गुणान् ॥ ५ ॥
चरन ओट दे जीव बचावें । काल और करम लजाय रहे री ॥ ६ ॥	चरणाश्रयं दत्वा जीवान् रक्षन्ति । अयि कालश्च कर्मश्च त्रपन्ति ॥ ६ ॥
जो कोइ चरन सरन में आये । सबका काज बनाय रहे री ॥ ७ ॥	यो कोऽप्यागच्छति चरणशरणम् । अयि सर्वेषां कार्याणि सिद्धं कुर्वन्ति ॥ ७ ॥
जीव निबल क्या करे विचारा | अपनी दया से निभाय रहे री ॥ ८ ॥	किं कर्तुं शक्यते अशक्तजीवः । अयि स्वदयया निर्वहन्ति ॥ ८ ॥
परम गुरु समरथ राधास्वामी । सब पर मेहर कराय रहे री ॥९॥	परमगुरुः राधास्वामीसमर्थाः । अयि सर्वेषु कारयन्ति आशीर्वृष्टिम् ॥९॥

॥ शब्द ५ ॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । मोहि मेहर से अँगवा लगाय रहे री ॥ टेक॥	अयि आली शृणु मम प्रियराधास्वामीदयालुः । मम प्रेम्णा अङ्गे युञ्जन्ति ॥ टेक॥
सतसँग कर बाढ़ा विश्वासा । गहरी प्रीति जगाय रहे री ॥ १ ॥	सत्सगं कृत्वा अवर्धत विश्वासः । अयि गहनप्रीतिं जागरयन्ति ॥ १ ॥
स्वामी चरनन पर जाऊँ बलिहारी । मेहर का सब गुन गाय रहे री ॥ २ ॥	स्वामीचरणयोः समर्पयामि । अयि कृपायाः गुणगानं कुर्वन्ति सर्वे ॥ २ ॥
शब्द अभ्यास करत मन सूरत । गगन ओर नित धाय रहे री ॥ ३ ॥	आत्मामनश्च शब्दाभ्यासं कुरुतः । अयि नित्यं गगनं प्रति धावतः ॥ ३ ॥
दया हुई सुत सतपुर आई । अलख अगम दरसाय रहे री ॥ ४ ॥	जाता दया आत्मा सत्तपुरम् आगतः । अयि अलखागमपदं दर्शयन्ति ॥ ४ ॥
राधास्वामी धाम गई सुत सज के । निज महल में संग खिलाय रहे री ॥ ५ ॥	राधास्वामीधामं(धाम) गतः आत्मा सज्जीभूय । निजसदने क्रीडयन्ति सार्धम् ॥ ५ ॥

॥ शब्द ६ ॥ सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मेरे प्यारे राधास्वामी । आज प्रेम रंग बरसाय रहे री ॥ टेक ॥	अयि आली शृणु मम प्रिय राधास्वामीदातारः। अद्य वर्षन्ति प्रेम्णः रङ्गम् ॥ टेक ॥
अनुरागी जन जुड़ मिल आय । बहु बिधि बिनती लाय रहे री ॥ १ ॥	अनुरागिणः संयुज्य आगच्छन्ति। अयि बहुविधयाचनां आनयन्ति ॥ १ ॥
प्रेम दान दीजे गुरु प्यारे । सब मन में तरसाय रहे री ॥ २ ॥	देहि प्रेमदानं प्रियगुरवः। अयि सर्वे मनसि तर्षन्ति ॥ २ ॥
सुन बिनती प्यारे राधास्वामी दाता । घट में सुरत चढ़ाय रहे री ॥ ३ ॥	शृणु विनतिं प्रिय राधास्वामीदातारः। अयि घटे आत्मानमारोहयन्ति ॥ ३ ॥
मगन होय सुन नइ धुन घट में । धन धन राधास्वामी गाय रहे री ॥ ४ ॥	तल्लीनं भूत्वा शृणु नवीनध्वनिं घटे। अयि धन्याः धन्या : राधास्वामीदातारः गायन्ति ॥ ४ ॥

॥ शब्द ७ ॥ सुन री सखी मानो कहन मेरी	
हिंदी	संस्कृत
सुन री सखी मानो कहन मेरी । चलो गुरु सँग खेलो फाग आज ॥ टेक ॥	शृणु सखि स्वीकुरु मम वचनम् । चल गुरुणा सह क्रीड होलीमद्य ॥टेक॥
मोह नींद में कब लग सोना । मिल सतगुरु से जाग आज ॥ १ ॥	कियत् कालपर्यन्तं मोहनिद्रायां शयीथा: । सदगुरुणा सह मिलित्वा जागर्तु अद्य ॥१॥
सतसँग कर हित चित से उनका । तेरा सोता जागे भाग आज ॥ २ ॥	हितेन चित्तेन च तेषां सत्संगं कुरु। अद्य तव सुप्तभाग्यं जागृहि ॥२॥
शब्द जुगत ले घट में बैठो । सुन ले अनहद राग आज ॥ ३ ॥	शब्दयुक्तिं गृहीत्वा घटे उपविश । अद्य अनहदशब्दं शृणु॥३॥
दया मेहर ले चढ़ो अधर में। मारो काला नाग आज ॥ ४ ॥	आशीर्दययया साकं अधरम् आरोहयतु । जहि कृष्णसर्पमद्य॥४॥
सरन धार राधास्वामी मन में । माया घर से भाग आज ॥ ५ ॥	मनसि राधास्वामीशरणं धर । मायागृहात् पलायनं कुरु अद्य ॥५॥
मिल हंसन से खेलो होली । छोड़ो संगत काग आज ॥ ६ ॥	हंसैः सह मिलित्वा क्रीड होलीम् । त्यज कागस्य संगतिमद्य॥६॥
सत्त अलख और अगम के पारा । राधास्वामी चरनन लाग आज ॥ ७ ॥	सत्तालखागमपदेभ्य: पारम्। अद्य राधास्वामीचरणयो: युनक्तु ॥७॥

॥ शब्द ८ ॥ चलो री सखी आज गगनपुरी	
हिंदी	संस्कृत
चलो री सखी आज गगनपुरी । जहँ गुरु प्यारे फाग रचाय रहे री ॥ टेक ॥	रे आलि अद्य चल गगनपुरीम् । अयि यत्र सद्गुरप्रिय: होलीं रचयन्ति॥ १ ॥
गुरु सतसंगी सब मिल खेलें । प्रेम का रंग बहाय रहे री ॥ १ ॥	गुरुश्च सत्संगिनश्च सर्वे मिलित्वा क्रीडन्ति । अयि प्रेमरङ्गं प्रवहन्ति॥ २ ॥
आगे चल देखो सुन नगरी । जहँ हंस हंसिनी गाय रहे री ॥ २ ॥	अग्रे गत्वा पश्य सुन्ननगरीम् । अयि यत्र गायन्ति हंसहंसस्त्रियश्च ॥ ३ ॥
शब्द शोर जहँ मच रहा भारी । अमृतधार चुवाय रहे री ॥ ३ ॥	शब्दकुतूहलं भवति यत्राधिकम् । अयि अमृतधारां स्रवन्ति॥ ४ ॥
महासुन्न चढ़ भँवरगुफा लख । जहँ बंसी मधुर बजाय रहे री ॥ ४ ॥	आरुह्य महासुन्नं भँवरगुहां दृष्ट्वा । अयि यत्र मधुरं मुरलीं नदन्ति॥ ५ ॥
सतपुर जाय दरश पुर्ष कीन्हा । जहँ अचरज बीन सुनाय रहे री ॥ ५ ॥	सतपुरं गत्वा पुरुषस्य दर्शनं कृतवान् । अयि यत्राद्भुतम् अहितुण्डवाद्यं श्रावयन्ति । ॥ ६ ॥
राधास्वामी चरन हुई लौलीना । जहँ अलख अगम दर छाय रहे री ॥ ६ ॥	राधास्वामीचरणयो: तल्लीन: जात:। अयि यत्र द्वारे स्थितौ अलखागमौ ॥ ७ ॥
प्रेम का सोत पोत जहँ भारी । मेहर दया उमँगाय रहे री ॥ ७ ॥	प्रेम्ण: स्रोतः भण्डारश्च यत्राधिकः । अयि आशीर्दयां च उत्साहितं कुर्वन्ति ॥ ८ ॥
राधास्वामी मात पिता पति मेरे । मोहि प्यार से गोद बिठाय रहे री ॥ ८ ॥	राधास्वामीदाता मम पितरौपतिश्च । अयि मां प्रेम्णा अङ्के उपवेशयन्ति ॥ ९ ॥

॥ शब्द-९ ॥ अचरज आरत गुरु की धारूँ	
हिंदी	संस्कृत
अचरज आरत गुरु की धारूँ । उमँग नई हिये छाय रही री ॥ टेक ॥	अद्भुदारतिं गुरोः धरामि । हृदये आच्छादितः नवीनोत्साहः ॥टेक॥
सतसंगी सब हरषत आये । सतसंगिन उमँगाय रही री ॥ १ ॥	आगता: सर्वे सत्संगिन: हर्षितं भूत्वा। उत्साहितं कुर्वन्ति सत्संगिनी: ॥ १ ॥
अजब समा क्या बरन सुनाऊँ । चहुँ दिस आनँद गाय रहे री ॥ २ ॥	किं वर्णयामि अद्भुदवसरः। आनन्दं गायन्ति चतुर्दिक्षु ॥ २ ॥
बस्तर भोजन बहु बिधि साजे । देख भाव हरषाय रहे री ॥ ३ ॥	आच्छादनश्च भोजनश्च बहुविधिना सज्जिता:। भावं दृष्ट्वा हर्षिताः भवन्ति ॥ ३ ॥
बढ़त हुलास हिये में भारी । धन फल फूल लुटाय रहे री ॥ ४ ॥	अत्युल्लासः वर्धते हृदये । धनंफलानिपुष्पाणि लुण्ठयन्ति ॥ ४ ॥
धूम मची आरत की भारी । बहु जिव अब घिर आय रहे री ॥ ५ ॥	आरते: कोलाहल: अधिक: जात:। बहुजीवाधुना एकत्रीभूय आगच्छन्ति ॥ ५ ॥
सकल समाज हरष रहा मन में । उमँग बधाई गाय रहे री ॥ ६ ॥	सर्वसमाज: हर्षति मनसि। उल्लासेन गायन्ति मंगलगीतम् ॥ ६ ॥
अस अस देख बिलास नवीना । सब जीव अचरज लाय रहे री ॥ ७ ॥	ईदृशं नूतनविलासं दृष्ट्वा। सर्वेजीवा आश्चर्यं कुर्वन्ति ॥ ७ ॥
राधास्वामी दयाल प्रसन्न होय कर । मेहर दया फ़रमाय रहे री ॥ ८ ॥	राधास्वामीदयालुः प्रसन्नं भूत्वा। आशीर्दयां आदिशन्ति ॥ ८ ॥
अपनी दया से काज बनाया । आपहि करनी कराय रहे री ॥ ९ ॥	स्वदयया कार्यं सिद्धं कृतवन्तः । स्वयमेव क्रियां कारयन्ति ॥ ९ ॥
सेव कराय दया से अपनी । जन का भाग जगाय रहे री ॥१०॥	स्वदयया प्रेरयन्ति सेवायै । सेवकस्य भाग्यं जागरयन्ति ॥ १० ॥
राधास्वामी मेहर से हिये में सबके । छिन छिन प्रेम बढ़ाय रहे री ॥ ११ ॥	राधास्वामीदाता दयया सर्वेषां हृदयेषु । प्रतिक्षणं प्रेम वर्धयन्ति ॥ ११ ॥

॥ शब्द १० ॥ प्रेम भरी भोली बाली सुरतिया	
हिंदी	संस्कृत
प्रेम भरी भोली बाली सुरतिया । पल पल गुरु को रिझाय रही ॥ १ ॥	प्रेम्णापूर्णा सरला बालात्मा । प्रतिपलं गुरुं प्रसन्नं करोति॥ १ ॥
दीन होय लागी सतसँग में । बचन सुनत हरषाय रही ॥ २ ॥	दीनं भूत्वा सत्संगे अयुनक् । प्रवचनं श्रुत्वा हर्षित: भवति ॥ २ ॥
लिपट रही चरनन में हित से । हिये गुरु रूप बसाय रही ॥ ३ ॥	प्रेम्णा चरणयो: लिप्लिम्पति। हृदये गुरुस्वरूपं स्थापयति॥ ३ ॥
शब्द उपदेश पाय मगनानी । धुन में सुरत जमाय रही ॥ ४ ॥	प्राप्य शब्दोपदेशं तल्लीन: । ध्वनौ आत्मानं स्थिरं करोति ॥ ४ ॥
गुरु की दया परख अंतर में । उमँग उमँग गुन गाय रही ॥ ५ ॥	निरीक्ष्य गुरुदयां अन्तसि । अत्युत्साहेन गुणान् गायति ॥ ५ ॥
प्रेम बढ़ा अब हिये अंतर में । तन मन वार धराय रही ॥ ६ ॥	प्रेमावर्धताधुना हृदन्तसि । तनुमनसी समर्पयति ॥ ६ ॥
गुरु का सतसँग लागा प्यारा । दरशन को नित धाय रही ॥ ७ ॥	प्रतीतः प्रियः गुरो: सत्संग: । नित्यं धावति दर्शनाय ॥ ७ ॥
जस जल मीन हरष दरशन कर । हिये का कँवल खिलाय रही ॥ ८ ॥	यथा हर्षति मत्स्य: जलं पश्य । हृद्कमलं विकासयति ॥ ८ ॥
खेलत बिगसत संग गुरू के । मेहर दया नित चाह रही ॥ ९ ॥	क्रीडति हर्षति गुरुणा सार्धम् । वाञ्छति नित्यं आशीर्दयाम् ॥ ९ ॥
प्रेमी जन सँग नाचत गावत । सुध बुध सब बिसराय रही ॥१०॥	नृत्यति गायति च प्रेमीजनैः सह । स्मरणं ज्ञानञ्च सर्वं विस्मरति ॥ १० ॥
राधास्वामी दयाल लिया अपनाई । नित नया प्रेम जगाय रही ॥११॥	राधास्वामीदयालु: स्वीकृतवन्त:। नित्यं नूतन प्रेम जागरयति॥ ११ ॥

॥ शब्द १ ॥ प्रेमी जइयो रे सतसँग में	
हिंदी	संस्कृत
प्रेमी जइयो रे सतसँग में । लीजो सुरत जगाय ॥ टेक ॥	अयि प्रिय यायात् सत्सङ्गे। जागृयात् आत्मानम् ॥ टेक ॥
बिन सतसँग मन चेते नाहीं । सतगुरु प्यारे की सरनाय ॥ १ ॥	न चैतन्यं भवति मनः सत्संगं विना । आयायाः प्रियगुरोः शरणम् ॥ १ ॥
अमृत रूपी बचन गुरू के । सुन सुन रहे चरन लौ लाय ॥ २ ॥	सद्गुरो: अमृतवचनानि । श्रावं श्रावं तल्लीनाः भवन्ति चरणयो: ॥ २ ॥
शब्द भेद लेकर सतगुरु से । मन और सूरत अधर चढ़ाय ॥ ३ ॥	सद्गुरो: शब्दभेदं गृहीत्वा। मनः आत्मानं च अधरमारोहयेताम् ॥ ३ ॥
सुन सुन धुन सूरत मगनानी । मन से लीना खूँट छुड़ाय ॥ ४ ॥	श्रावं श्रावं ध्वनिं उन्मत्तात्मा । अमुञ्चत् सम्बन्धं मनसः ॥ ४ ॥
सतगुरु लार चली फिर प्यारी । सत्तलोक किया आसन जाय ॥ ५ ॥	पुनः सद्गुरुसाकं गतवान् प्रिय:। गत्वा सतलोकं कृतमासनम् ॥ ५ ॥
सत्तपुरुष का दरशन पाया । हंसन सँग लिया मेल मिलाय ॥ ६ ॥	प्राप्तं सत्तपुरुषस्य दर्शनम् । कृतं मेलं हंसै: सार्धम् ॥ ६ ॥
वहाँ से राधास्वामी धाम सिधारी । मगन होय निज भाग सराय ॥ ७ ॥	तत्रतः प्राप्ता राधास्वामीधामम्(धाम)। प्रशंसति निजभाग्यं तल्लीनं भूत्वा ॥ ७ ॥

॥ शब्द २ ॥ प्रेमी मिलियो रे सतगुरु से	
हिंदी	संस्कृत
प्रेमी मिलियो रे सतगुरु से | देवें काज बनाय ॥ टेक ॥	प्रियः मिलेत् सद्गुरुणा । पूर्णं कुर्युः कार्याणि ॥ १ ॥
दया निधान परम हितकारी। जीवों को दें ओट बुलाय ॥ १ ॥	दयायागारः परमहितकरः । जीवान् शरणं आह्वयन्ति॥ २ ॥
दीन होय जो सरनी आवे । ताको मेहर से लें अपनाय ॥ २ ॥	यो आयाति शरणं दीनं भूत्वा । तं स्वीकुर्वन्ति दयया ॥ ३ ॥
प्रीति प्रतीति बढ़ा चरनन में । सुरत शब्द अभ्यास कराय ॥ ३ ॥	चरणयोः वर्धित्वा प्रीतिप्रतीतिञ्च सुरतशब्दाभ्यासं कारयन्ति ॥ ४ ॥
घट में तेरे दरशन देकर। मन और सूरत अधर चढ़ाय ॥ ४ ॥	दर्शनं दत्वा तव घटे । मनः आत्मानञ्च अधरमारोहयन्ति ॥ ५ ॥
शब्द शब्द से मेला करके । इक दिन दें निज घर पहुँचाय ॥ ५ ॥	प्रतिशब्दं मेलं कृत्वा । स्वगृहं प्रापयन्ति एकस्मिन् दिवसे ॥ ६ ॥
जो कुछ करें करें गुरु प्यारे । जीव निबल क्या कार कमाय ॥ ६ ॥	यद् किमपि कुर्वन्ति सद्गुरु एव कुर्वन्ति । अशक्तजीवः किं अर्जितुं शक्यते ॥ ७ ॥
राधास्वामी सतगुरु प्यारे । महिमा उनकी को सके गाय ॥ ७ ॥	प्रिय राधास्वामीसद्गुरुः । कः गातुं शक्यते तेषां महिमाम् ॥ ८ ॥

॥ शब्द ३ ॥ प्रेमी भागो रे जगत से	
हिंदी	संस्कृत
प्रेमी भागो रे जगत से । या सँग क्यों तू धोखा खाय ॥ टेक ॥	प्रणयिजनः कुरु पलायनं जगतः । कथं वञ्चसि अनेन सह ॥ टेक ॥
